ऐकेडमिक काउंसिल द्वारा पी.जी पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत प्रवेश स्थान बढाए जाने पर सहमति।

जयपुर– 26 फरवरी। राजस्थान विश्वविद्यालय ऐकेडमिक काउंसिल की आज आयोजित विशेष बैठक में विश्वविद्यालय के पी.जी. विभागों में 10 प्रतिशत प्रवेश स्थान बढाए जाने का निर्णय लिया है।

कुलपति प्रो. राजीव जैन की अध्यक्षता में ऑनलाइन मोड पर आयोजित इस विशेष बैठक में ऐकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने पी.जी. विभागों में 10 प्रतिशत सीटों की बढोतरी किए जाने के संबंध में अपने विचार रखे।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में 10 प्रतिशत सीटों की वृद्धि के लिए हाल ही केन्द्रीय प्रवेश समिति ने सिफारिश की थी। विगत शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में 20 प्रतिशत स्थानो की वृद्धि की गई थी, इस सत्र में विश्वविद्यालय पूर्व में 10 प्रतिशत सीटों की वृद्धि पहले ही कर चुका है।

(डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत)
जनसम्पर्क अधिकारी